प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 09.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **केंद्र सरकार आज से देशभर में 8वें पोषण पखवाड़े की करेगी शुरूआत, बच्चों के समग्र विकास और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की जायेंगी कई गतिविधियां।**
2. **झारखंड में अगले साल मार्च–अप्रैल में कराये जायेंगे पंचायत चुनाव, तैयारी में जुटा राज्य निर्वाचन आयोग।**
3. **झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को साइबर क्राइम से जुड़े मामलों के लिए एजुकेटिंग अफसर से संबंधित जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का दिया निर्देश।**
4. **रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आज से कृषि वैज्ञानिकों का सम्मेलन हो रहा शुरू, देश भर से लगभग 250 कृषि विशेषज्ञ लेंगे भाग।**
5. **मौसम विभाग ने आज राज्य के पूर्वी और मध्य भागों में कहीं–कहीं बारिश और तेज हवा चलने का जताया पूर्वानुमान, कल से साफ होगा मौसम।**

****

केंद्र सरकार आज से देशभर में 8वें पोषण पखवाड़े की शुरूआत करेगी। यह अभियान 23 अप्रैल तक चलेगा। राष्ट्रीय स्तर पर इसका शुभारंभ दिल्ली के विज्ञान भवन में होगा। कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी करेंगी। पेश है एक रिपोर्ट–

****

झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि अगले वर्ष मार्च–अप्रैल में चुनाव कराए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि जून 2027 तक सारी प्रक्रिया पूरी कर गांव की सरकार बनाने का लक्ष्य तय किया है।

****

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्य की सभी पंचायतों में हेल्थ कॉटेज स्थापित करने की घोषणा की है। वे कल रांची के नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान में ई–संजीवनी टेलीमेडिसिन विषय पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ई–संजीवनी टेलीमेडिसिन के जरिए दूर–दराज के इलाकों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएंगी।

****

सरकार ने कहा है कि देशभर की खदानों और बिजली संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार है। कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव कुमार कस्सी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर कोयले की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है और कोयले का पर्याप्त भंडार बनाए रखा गया है। वहीं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देशभर में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को साइबर क्राइम से जुड़े मामलों के लिए एजुकेटिंग अफसर से संबंधित जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रचार–प्रसार करने निर्देश दिया है। अदालत ने सरकार को छह माह में अनुपालन रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने को कहा है। अदालत ने कहा कि लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाना जरूरी है कि एजुकेटिंग ऑफिसर का ऑफिस कहां है और वहां किस प्रकार साइबर क्राइम से संबंधित मामले प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

****

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कल देवघर पहुंचे। सांसद निशिकांत दुबे ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बाबा बैद्यनाथ की पूजा की। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य सरकार को जनता से जुड़े सवालों का जवाब देना होगा। उन्होंने संथाल परगना में आदिवासियों की जमीन हड़पने के मुद्दे पर कहा कि वहां की स्थिति खराब है।

****

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना का 69वां वार्षिक सम्मेलन आज से शुरू हो रहा है। इसमें देशभर के 250 से अधिक कृषि वैज्ञानिक भाग लेंगे। इस दौरान उत्पादन, उत्पादकता बढ़ाने और बदलती जलवायु में कृषि विस्तार पर चर्चा के साथ मक्का उत्पादन के लिए रोडमैप तैयार किया जायेगा।

****

देवघर जिले की साइबर थाना पुलिस ने फर्जी अधिकारी बनकर लोन दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले ग्यारह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये अपराधी ऑनलाइन शापिंग प्लेटफार्म के कस्टमर केयर और ऑनलाइन पेमेंट बैंक के फर्जी अधिकारी बनकर लोगों को अपने झांसे में लेकर उनसे ठगी करते थे।

****

जमशेदपुर पुलिस ने अवैध हथियार के साथ लूट की योजना बना रहे चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि परसुडीह थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी क्षेत्र में लूट की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने इनके पास से देसी पिस्टल, कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

****

मौसम विभाग ने आज राज्य के पूर्वी और मध्य भागों में कहीं–कहीं हलकी से मध्यम बारिश और तेज हवा चलने का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के अनुसार 10 अप्रैल से मौसम साफ होगा। इस दौरान अगले तीन दिनों तक तापमान में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। हालांकि इसके बाद दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि संभव है।

****

नयी दिल्ली में आयोजित 17वीं एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। अंडर–25 एकल वर्ग में सौरव कुमार, डब्लस में दिनेश और नवनीत तथा बालिका वर्ग में बसंती ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि रूपा रानी तिर्की और रेशमा की टीम ने महिला फोर्स में रजत पदक जीता।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने अमेरिका–ईरान के बीच संघर्ष विराम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– संघर्ष थमा पर संशय कायम।

वहीं **दैनिक भास्कर** ने संघर्ष विराम **पर** लिखा है– ईरान ने ट्रंप को झुकाया, अस्थायी शांति।

प्रभात खबर ने बोकारो के बाद हजारीबाग में ट्रेजरी घोटाला कर 15 करोड़ से अधिक की निकासी की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने मौद्रिक नीति की द्वैमासिक समीक्षा से जुड़ी खबर पर लिखा है– सस्ते कर्ज का दौर जारी रहेगा।

****